Printed Pages : 8

# SJN-53

## B.A. (Part-II) Examination, 2021

## HINDI LITERATURE

### [ Paper : First ]

### (अर्वाचीन काव्य)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**निर्देशः सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [7×3=21]

(क) मानस भवन में आर्यजन जिसकी उतारें आरती,

भगवान! भारतवर्ष में गूँजे हमारी भारती।

हो भद्र भावोंद्भाविनी वह भारती हे भगवते!

सीतापते! सीतापते! गीतामते! गीतामते!

(ख) लता-मुकुल-हार-गन्ध-भार भर,
वही पवन बन्द मन्द मन्दतर,
जागी नयनों में वन
यौवन की माया।
आवृत सरसी-उर-सरसिज, उठे,
केशर के केश कली के छुटे,
स्वर्ण शस्य अंजल
पृथ्वी का लहराया।

(ग) आज का दुःख, कल का आहलाद,
और कल का सुख आज का विषाद,
समस्या गूढ़ स्वपन संसार
पूर्ति जिसकी उस पार
जगत-जीवन का अर्थ विकास
मृत्यु, गति क्रम का ह्रास।

(घ) भूला दी सूलियाँ? जैसे सभी कुछ
जमाने से तीलियों से पा लिया तुमने
न तुम बहले, न युग बहला, भले साथी
बताओ तो किसे बहला दिया तुमने!

(ङ) दूसरों के घर
भीतर की ओर खुलते हैं।
रहस्यों की ओर
जिन रहस्यों को वे खोलते नहीं
शहरों में होते हैं
दूसरों के घर
दूसरों के घरों में
दूसरों के घर
दूसरों के घर हैं।

2. "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्र जागरण और सुधारवादी चेतना के प्रमुख कवि हैं।" इस कथन के आधार पर गुप्त जी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। [12]

अथवा

"निराला एक क्रान्तिकारी कवि हैं।" इस कथन के आधार पर उनके काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. सुमित्रानंदन पंत को प्रकृति का सुकुमार कवि क्यों कहा जाता है? [12]

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

4. **किन्हीं तीन** लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5×3=15]

(i) पन्त के काव्य में प्रगतिशील चेतना।

(ii) छायावादी काव्य विचारधारा।

(iii) प्रयोगवाद काव्य का मूल्यांकन।

(iv) खड़ी बोली और प्रिय प्रवास।

(v) श्रीकान्त के काव्य में समकालीनता।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [15]

(i) बादल कविता के रचयिता का नाम।

(ii) खड़ी बोली में प्रबंधकाव्य लिखने की परम्परा का सूत्रपात किस कवि ने किया?

(iii) कवि निराला ने किस पत्रिका का सम्पादन किया?

(iv) लघु मानवता प्रवृत्ति किस धारा की है?

(v) हिन्दी के किस कवि को वड्र्सवर्थ कहा जाता है?

(vi) 'जयद्रथ वध' के रचनाकार का नाम।

(vii) 'कर्मवीर' के सम्पादक का नाम।

(viii) 'झांसी की रानी' कविता के रचनाकार का नाम।

(ix) मुक्तछन्द के प्रणेता कवि का नाम लिखिए।

(x) राष्ट्रीय काव्यधारा के दो कवि का नाम।

(xi) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है?

(xii) "रामशक्ति पूजा" नामक कविता के कवि का नाम।

(xiii) छायावाद के दो कवियों के नाम लिखिए।

(xiv) वंसत पंचमी को किस साहित्यकार का जन्म दिवस मनाया जाता है?

(xv) "बली पंथी" कविता में किसके लिये संदेश है?

(xvi) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?

(xvii) श्रीकान्त वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ?

----x----